तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

डीओ कटने के बाद धान का उठाव सुनिश्चित करें : ... 12


मेंटल मैथ्स चैलेंज में दिखाया गणितीय प्रतिभा 12





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


### खबर संक्षेप



### प्रभात कुमार होंगे महासमुंद के नए एसपी

**महासमुंद।** 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रभात कुमार को जिले के नए पुलिस कप्तान होंगे। प्रशासनिक फेरबदल के तहत शासन द्वारा उक्त पदस्थापना की गई है। महासमुंद एसपी आईपीएस रहे आशुतोष सिंह को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई नई दिल्ली के लिए रिलीव कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, आईपीएस प्रभात कुमार को एसआईबी, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक, महासमुंद के पद पर पदस्थ किया गया है।

### घर घुसकर युवक से मारपीट, लूटपाट

**महासमुंद।** ग्राम जलगढ़ के एक युवक के साथ मारपीट, लूटपाट के मामले में बलौदा थाने में पांच से ज्यादा आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जलगढ़ निवासी भागीरथी महापात्र पिता शंकरलाल महापात्र रात में अपने घर में सोया हुआ था। इसी दौरान उसके कमरे में घुसकर आयुष ने रॉड से, तेज ने चाकू से मारा। वहीं एक लड़के ने चाकू से उसकी कमर में मारा। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने बताया कि इस दौरान प्रहलाद ग्वाल, सारथी का बड़ा लड़का, प्रकाश, बिपिन बिहारी, भोला शंकर साहू, छोटू, लिंगराज भोई, रजु, भोजराज भोई व टावरपारा के 6-7 लोग थे। इस दौरान उसके पर्स, मोबाइल को आरोपियों ने छीन लिया। इस दौरान एक व्यक्ति वीडियो कॉल कर किसी को दिखा भी रहा था। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 190, 191(2), 296, 304(2), 324(4), 331(6), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# प्लांट के प्रदूषण से खराब हुआ धान, न्याय मांगने पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड व नूतन आयरन एंड पावर प्रायवेट लिमिटेड के प्रदूषण से आसपास के 10 गांवों के किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। जिसे लेने के लिए सोसायटियां तैयार नहीं। प्रभावित धान को लेकर किसान अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टोरेट के लिए रवाना हुए लेकिन, धान के साथ किसानों को लोहिया चौक में रोका गया। किसानों ने हाथों में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर ले रखी थी। किसानों ने आरोप लगाया कि शासन प्रशासन उद्योगपतियों का साथ देने उनकी परेशानी और समस्याओं से कोई इत्तेफाक नहीं रखना चाहती।

**खराब धान लेकर कलेक्टोरेट पहुंच रहे किसानों को पुलिस ने बलपूर्वक रोका**





#### यह रहे आंदोलन में मौजूद

इस दौरान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, लालाराम वर्मा, छन्नू लाल साहू, विमल ताम्रकार, नंदकुमार साहू, बृजबिहारी साहू, अशोक कश्यप, नाथूराम सिन्हा, बलराम साहू, लीलाधर पटेल, तोषण सिन्हा, अवध साहू, रुपसिंग निषाद, दीनदयाल साहू, धर्मेंद्र यादव, दौलत ध्रुव, करण साहू, विसरु ध्रुव, दयाराम ध्रुव, बैशाखू सिन्हा, भोला साहू, कुंजलाल चेलक, टिकेलाल जलक्षत्री, गेंदलाल जांगड़े, रामनाथ ढीढी, श्रीमती राधाबाई सिन्हा, श्यामबाई ध्रुव, टूकेश्वरी ध्रुव, खेमिन साहू, मोहनबाई जलक्षत्री, धनेश्वरी यादव, रुक्मणि यादव, बनवासा यादव, जमुना यद्धु, रमशीला पटेल, कुमारी ध्रुव, सरस्वती वैष्णव, ठानी बरिहा, नीरा ध्रुव आदि मौजूद रहे।

चारों तरफ नाकेबंदी के बाद भी किसान जिलाधीश कार्यालय पहुंचे। जहां जिलाधीश से बैठक पश्चात किसानों ने राष्ट्रपति के नाम प्रस्तुत ज्ञापन को सौंपा जिसे त्वरित भेजने का भरोसा दिलाते हुए प्रशासन द्वारा धान को खरीदी कराने और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया।

**पुलिस ने वाहन चालक को धमकायाः** मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने वाहन चालक को धमकाया कि वाहन को चुपचाप किनारे लगा दो वरना जिस रास्ते से गाड़ी का चालान होगा उस रास्ते के थाने में चालान काटा जाएगा। किसानों ने इस दमनकारी व्यवहार का विरोध किया और कहा कि शासन प्रशासन केवल वोट मांगने तक किसानों के साथ है।

**आयोजन :** गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के विशेष कार्यक्रम में पहुंचे हिंदू विचारक पुष्पेंद्र

# गुरुकुल शिक्षा को रेखांकित करते हुए कुलश्रेष्ठ ने बताया इसे भारतीय संस्कृति की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरुकुल आश्रम कोसरंगी की पावन धरा पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का ओजस्वी एवं विचारोत्तेजक उद्बोधन संपन्न हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिसे योजनाबद्ध रूप से कमजोर कर कॉन्वेंट शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया। इससे समाज को संस्कारों से विमुख करने का प्रयास हुआ है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम बच्चों को केवल धन कमाने की मशीन बनाने में लगे हैं, जबकि हमें यह सोचना चाहिए कि वे संस्कारवान, सहयोगी और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनें।





गुरुकुल ही ऐसी शिक्षा देता है, जो चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना जाग्रत करता है। इस अवसर पर सर्व हिंदू समाज से भारत चंद्राकर, सामाजिक कार्यकर्ता रितेश गोलछा, हिंदू समरसता से धर्मेंद्र डड़सेना, गोरक्षा से उमेश बिसेन, इवन साहू, धनुराम साहू, ग्राम सीरगड़े से उमेश साहू एवं लोकेश साहू, पतंजलि महासमुंद से तिलक साव, कन्या गुरुकुल बीकेबाहरा से विक्रम लाल एवं हेमलता साहू, कमरौद से सरपंच, गुरुकुल के समस्त आचार्यगण व विद्यार्थी, महासमुंद के बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गुरुकुल के नन्हें बालकों द्वारा योगासन करते हुए माथे पर दीप धारण करने का अद्भुत प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर कुलश्रेष्ठ अत्यंत आश्चर्यचकित एवं प्रसन्न हुए। इसके पश्चात ब्रह्मचारियों ने रास्ता मलखंभ के रोमांचक करतब प्रस्तुत किए। ब्रह्मचारी रोहित आर्य ने अपनी धनुर्विद्या का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिस पर कुलश्रेष्ठ ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें स्नेहपूर्वक गले लगाया। अपने अनुभव साझा करते हुए कुलश्रेष्ठ ने कहा कि मैं अनेक गुरुकुलों में गया, किंतु वास्तव में गुरुकुल की जो अनुभूति मुझे यहां आकर हुई, वैसी अनुभूति कहीं और नहीं हुई। यहाँ का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायी और संस्कारपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में सत्यार्थ प्रकाश परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों को पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य सुरेश द्वारा किया गया तथा उन्होंने अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुरा नगरी सिरपुर की सांस्कृतिक विरासत से अवगत हुए कुलश्रेष्ठ

**महासमुंद।** राष्ट्र चिंतन पर आयोजित विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में पधारे राष्ट्रीय विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का नगर आगमन पर सोमवार को नदी चौक घोड़ारी में सर्व हिंदू समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत उपरान्त पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने वैश्विक धरोहर पुरातत्व नगरी सिरपुर का पहुंचकर लक्ष्मण मंदिर एवं भगवान गंधेश्वर महादेव का दर्शन किया। पुरातन नगरी सिरपुर में उपस्थित गाइड के माध्यम से गंधेश्वर नाथ मंदिर एवं सिरपुर की सांस्कृतिक विरासत से कुलश्रेष्ठ ने बड़ी सूक्ष्मता से अध्ययन किया। सिरपुर भ्रमण पश्चात नगर आगमन पर देवीचंद्र राठी एवं पार्षदों के नेतृत्व में स्वागत हुआ। स्थानीय नेहरू चौक पर सर्व हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सदस्यों द्वारा पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का पुष्पहार से स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात युवाओं की बाइक रैली के साथ स्थानीय सर्किट हाउस महासमुंद में उपस्थित सर्व हिंदू समाज के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ के साथ कुलश्रेष्ठ का स्वागत किया। सर्किट हाउस में साहू समाज के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ढालूराम साहू एवं मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने सौजन्य भेंट की। स्वागत उपरान्त सर्किट हाउस के हॉल में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने भेंट मुलाकात करते हुए वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर चिंतन प्रकट करते हुए संस्कृति की रक्षा स्वयं से शुरू करने की बात कही।



महासमुंद नगर आगमन पर कुलश्रेष्ठ का जगह-जगह हुआ स्वागत

### प्राधिकृत अधिकारी पद से पृथक एवं समिति प्रबंधक निलंबित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर तहसीलदार के नेतृत्व में विकासखण्ड स्तरीय टीम द्वारा धान खरीदी केंद्र तोषगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त धान खरीदी केंद्र में काफी अव्यवस्था पाया गया। धान की स्टेकिंग सुव्यवस्थित तरीके से नहीं होना पाया गया। धान से भरे हुए बारदानों के वजन में अंतर होना पाया गया। उक्त कारणों से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तोषगांव के प्राधिकृत विजय प्रधान को प्राधिकृत अधिकारी के पद से पृथक किया गया। साथ ही धान खरीदी प्रभारी एवं समिति प्रबंधक नकुल साहू को निलंबित करने की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में प्रभारी प्रबंधक नकुल साहू को कर्मचारी सेवा नियम 2018 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा तथा इनका मुख्यालय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर छत्तीसगढ़ शाखा तोरेसिंहा निर्धारित किया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** बसना के पुराना तिवारी ढाबा के पास कार की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार पौंसरा निवासी शंकर दास 14 दिसंबर को अपनी मोटरसाइकिल सीजी 11 सीडी 1817 से भंवरपुर मोड़ से अपने घर पौंसरा जा रहा था। इसी दौरान पुराना तिवारी ढाबा के कार क्रमांक सीजी 06 जीएन 8311 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक शंकर दास को चोटें आई, जिसे शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतक के भाई संतोष दास की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जोगीडीपा के वीर मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** ग्राम जोगीडीपा (पटेवा) में छग के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर वीर मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष साहू ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रेरक जीवन गाथा और बलिदान का स्मरण करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ में अंग्रेजों की बुनियाद हिलाकर रख दी थी। उनका बलिदान लोकहित व देश हित को समर्पित है, ऐसे वीर महापुरुष का जन्म हमारे छत्तीसगढ़ की पुण्यभूमि पर होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में सौरभ लोधी, मोहित ध्रुव, सृष्टि ध्रुव, गणेश ध्रुव, डेजी रानी नेताम, पवन ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, सत्यवान ध्रुव, घासू दीवान, राजेंद्र गंगवंशी आदि उपस्थित रहे।

**जिला साहू संघ महासमुंद का हुआ चुनाव**

# जिला साहू संघ के अध्यक्ष बने ढालू राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला साहू संघ महासमुंद का चुनाव के लिए पर्यवेक्षक डॉ सुनील साहू एवं चंद्रवती साहू प्रदेश संगठन सचिव के मार्गदर्शन तथा निर्वाचन अधिकारी डॉ लक्ष्मण साहू एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डोलामणी साहू, रिखी राम साहू और रामकुमार साहू की उपस्थिति में 14 दिसंबर को अपराह्न 11 बजे से नामांकन प्रारंभ हुआ। जिला साहू संघ के निर्वाचन समन्वय समिति में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पर्यवेक्षक डॉ सुनील साहू, चंद्रवती साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, तुलसी दास साहू, जिला अध्यक्ष धरम दास साहू, तहसील अध्यक्ष महासमुंद ललित साहू, बागबाहरा तहसील अध्यक्ष एवन साहू, समन्वय के लिए उपस्थित रहे। जिला साहू संघ महासमुंद के लिए अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष महिला एवं पुरुष दो संगठन सचिव महिला एवं पुरुष पुरुष का निर्वाचन करने के लिए नामांकन भरा गया।









नामांकन प्रक्रिया उपरान्त प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी किया गया। समन्वय समिति के सदस्यों ने विभिन्न पदों पर नामांकन दाखिल किए गए। प्रत्याशियों को मतदान प्रक्रिया में भाग न लेकर समन्वय से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करने का आग्रह किया। विभिन्न पदों पर नामांकन दाखिल किए हुए प्रत्याशियों ने समन्वय समिति को पदाधिकारी चयन करने का अधिकार लिखित में सौंपा। आपसी समन्वय बनाते हुए समन्वय समिति के सदस्यों ने नामांकन दाखिल किए हुए प्रत्याशियों में से जिला साहू संघ के अध्यक्ष पद के लिए ढ़ालू राम साहू, उपाध्यक्ष पुरुष देवेश साहू, उपाध्यक्ष महिला चंद्रिका नेपाल राम साहू, संगठन सचिव पुरुष राजेश साहू, संगठन सचिव महिला नेहा साहू का चयन किया। निर्वाचन अधिकारियों ने आम सभा में उपस्थित साहू संघ के प्रदेश, जिला, तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण पदाधिकारियों तथा साहू समाज के उपस्थित सदस्यों के समक्ष चयनित पदाधिकारियों की घोषणा की।

### भटगांव में शिव महापुराण कथा 20 से

**खल्लारी।** विकासखंड बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम भटगांव (नरतोरा) में महिला समूह व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 20 से 24 दिसम्बर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक पं. डिगेश्वर प्रसाद तिवारी होंगे। साथ ही परायणकर्ता पं. गोपाल तिवारी बीकेबाहरा (खल्लारी) होंगे। पहले दिन शनिवार 20 दिसम्बर को कलश यात्रा, गौरी पूजन, देवराज कथा, 21 दिसम्बर को शिवलिंग महिमा व त्रिपुण धारणा, रूद्र महिमा, 22 दिसंबर को नारद मोह जलधर वध, 23 दिसम्बर को सति चरित्र, पार्वती जन्म, शिव विवाह, 24 दिसम्बर को बारह ज्योतिर्लिंग कथा, हवन, पुर्णाहुति, शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# डूमरतराई इलेक्ट्रानिक मार्केट प्रोजेक्ट का रिवाइज प्रपोजल स्वीकृति के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर नगर निगम की तर्ज पर अब रायपुर में भी आय बढ़ाने और व्यय घटाने का इंतजाम रायपुर नगर निगम करने जा रहा है। इसके लिए नए साल में नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। यह बांड 2 प्रोजेक्ट के लिए होगा, जिसमें शंकरनगर क्षेत्र में 60 करोड़ रुपए के फाइनेंसियल हब प्रोजेक्ट को शासन ने पहले ही स्वीकृति दे रखी है। दूसरा प्रोजेक्ट डूमतराई के बहुमंजिला इलेक्ट्रानिक मार्केट प्रोजेक्ट का प्रस्तावित है। इसे रिवाइज कर निगम प्रशासन ने शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। एप्रवूल मिलते ही नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा।

रायपुर नगर निगम अपनी आय बढ़ाने अब म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। इसके लिए नगर निगम के 2 व्यावसायिक प्रोजेक्ट का चयन कर बांड जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसमें शंकर नगर में 60 करोड़ का फाइनेंसियल हब और डूमतराई में निगम की 2 एकड़ जमीन पर इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट का प्रोजेक्ट शामिल है। सूत्रों के मुताबिक व्यापार व्यवसाय की व्यापक संभावना और डूमतराई थोक मार्केट की नजदीकी को देखते हुए निगम इसे बांड के रूप में लाने की तैयारी में है। इसके लिए योजना शाखा ने डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट का रिवाइज प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया है। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलते ही नगर निगम जल्द 100 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड जारी करेगा।

### फैक्ट - निगम बांड

- नेशनल स्टाक एक्सचेंज से करानी होगी लिस्टिंग, रजिस्ट्रेशन होगा.
- रायपुर नगर निगम को डबल एए की मिली है रेटिंग.
- वित्तीय सुधार को लेकर अहम निर्णय.
- आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम, आय का अतिरिक्त स्त्रोत तैयार होगा.
- 8 से 9 फीसदी ब्याज दर संभावित.
- म्यूनिसिपल बांड बड़े वित्तीय संस्थान जैसे बैंकों, म्यूचल फंड कंपनियों द्वारा खरीदे जा सकेंगे, न कि आम जनता या निजी व्यक्ति द्वारा.




- शंकरनगर के फाइनेंसियल हब प्रोजेक्ट को पहले ही मिल चुकी है स्वीकृति
- जल्द जारी होगा नगर निगम का बांड

### राज्य शासन की गारंटी नहीं

विदित हो कि नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड जारी करने राज्य सरकार से अनुमति मिल चुकी है। 2 माह पूर्व यह अनुमति 4 शर्तो के साथ दी गई है। इसके मुताबिक म्यूनिसिपल बांड के लिए राज्य शासन कोई गारंटी नहीं देगा। बांड से जुड़ी सभी वित्तीय देनदारियां पूरी तरह रायपुर नगर निगम की होगी। साथ ही नगर निगम को सेबी के म्यूनिसिपल डेब्ट सिक्यूरिटी से संबंधित सभी नियामक प्रावधानों का पालन करना होगा।

### स्वीकृति का इंतजार, जल्द जारी होगा बांड

डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट निर्माण का रिवाइज प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। एप्रवूल मिलते ही 100 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड जारी होगा।

-विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

## खबर संक्षेप



### गंगा कुष्ठ बस्ती में कंबल वितरित, रात्रि भोज भी

**रायपुर।** सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा दो दिवसीय 13 से 14 दिसंबर तक लगातार पंडरी स्थित गंगा कुष्ठ बस्ती में पहुंचकर कंबल वितरित किए गए। साथ ही रात्रि भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्व. शिवप्रसाद यदु शिकुम की स्मृति और स्व. मुकेश थिटे की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा किया गया। साथ ही टीम वक्ता मंच द्वारा कुष्ठ बस्ती का निरीक्षण कर यहां के रहवासियों से मुलाकात की गई तथा इस परिसर की व्यवस्था, साफ सफाई, चिकित्सा, पेयजल, प्रकाश व अन्य आवश्यक मुद्दों के प्रबंध संबंधी जानकारी एकत्रित की गई। इस मौके पर भवन एवं सन्निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, डॉ. उदयभान चौहान, शुभम साहू, ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, डॉ. इंद्रदेव यदु, यशवंत यदु, प्रभात यदु, प्रशांत यदु, नारायण यदु, उत्तम देवहरे, रुनाली चक्रवर्ती, मो. हुसैन, हेमलाल पटेल सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय पेंशन दिवस पर कल सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राष्ट्रीय पेंशन दिवस के अवसर पर 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कर्मचारी भवन स्थित सभा कक्ष में 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल तथा विशेष अतिथि आरके त्रिवेदी सेवानिवृत्त विशेष आयुक्त (जीएसटी) होंगे।

### मुक्कड़ बने खाली प्लाटों की नगर निगम ने कराई सफाई, लिया संज्ञान

**रायपुर।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के खाली प्लाटों में कचरा फेंककर गंदगी फैलाने की शिकायत पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने संज्ञान लिया। मुक्कड़ बने प्लाट में जेसीबी मशीन और सफाई मित्रों को भेजकर स्थल से कचरा उठाकर सुरक्षित जगह परिवहन कराया गया। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने खाली प्लाट में कचरा फेंकने की शिकायत पर संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारी को स्थल निरीक्षण के लिए भेजकर आवश्यक सफाई कराने निर्देशित किया। समस्या की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए खाली प्लॉटों को चिन्हांकित कर नियमित निगरानी करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। न्यू राजेन्द्र नगर के मेडिसाइन हॉस्पिटल के पीछे नाली की सफाई न होने की शिकायत जोन 10 में की गई। जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निगम के स्वास्थ्य अमले ने नाली की सफाई करवाई। गंदे पानी की निकासी नहीं होने से सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई थी, इससे लोग परेशान रहे। शिकायत के बाद जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने स्थल निरीक्षण कर सफाई मित्रों से नाली की सफाई करवाते हुए जन शिकायत का निराकरण किया।

# संत गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती पर निकली ऐतिहासिक व विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप



संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती पर 14 दिसंबर को समस्त सतनामी समाज एवं विभिन्न संगठनों के संयुक्त नेतृत्व में ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सात ध्वजवाहकों की अगुवाई में बाबा के संदेश "मनखे-मनखे एक बरोबर" को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 12 पंथी टोली, दो अखाड़ा दल और डीजे-धुमाल के सुमधुर संगीत के साथ शोभायात्रा शंकराचार्य भवन से प्रारंभ हुई। मार्ग में विभिन्न चौक-चौराहों पर समाज प्रमुखों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा का समापन सतनाम भवन बेमचा भाटा में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज के पूर्वजों एवं गुरु घासीदास जयंती के जन्मदाता प्रथम स्तंभ दादा नकुल देव ढीढी तथा उनके सहयोगी बरनु महंत, रिपुसूदन महिलांग, नंदू भतपहरी, इंद्रदेव टंडन सहित सैकड़ों समर्थकों के स्मरण के साथ की गई। छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के संस्थापक भीष्मदेव ढीढी, भगवत कोसरिया, धरमदास महिलांग, हीरालाल बंजारे, गंगा प्रसाद कुरील, मंसाराम टंडन, बंसीलाल गायकवाड़, ताराचंद ढीढी, ललित नारंग, चंदन आवडे, साधू बारमते, देवप्रसाद केलकर, सुखरूराम बंजारे, समारू सेवई सहित अन्य समाज प्रमुखों को नमन किया गया। उपस्थिति सभी समाजजनों ने गुरुघासी दास के पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली और उनकी विचारधारा को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अगुवाई सामाजिक संरक्षक त्रिभुवन महिलांग ने की और गुरु घासीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही आगामी वर्षों में आयोजनों को और अधिक गरिमामय एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस दौरान सत्यानंद जेंड्रे, वीरेंद्र ढीढी, महेंद्र कोसरिया, एस चंद्रसेन, सचिन गायकवाड़, नीतू रानी बांधे, मैना कोसले, गुलाब साय, श्यामलाल मन्नाडे, शंकरलाल सोनी, किशुन घृतलहरे, एविन कुर्रे, नवल किशोर गायकवाड़, हिरदास टंडन, कुमार ढीढी, किशुन पाटले, बलराम कोसरिया, राहुल आवडे, मेलाराम बंजारे, गैंदलाल जांगड़े, केशव कोसले, शतुघ्न चेलक, सीएल टंडन, क्रांति कुमार योगी, हीरा जोगी, अश्वनी टोंडरे, राजकुमार सोनवानी, बाबूलाल टंडन, डीआर जेंड्रे, अरविंद प्रहरे ,नृप नरेंद्र बाघमारे, चैतू मार्कण्डेय, रूपराम कोसरिया, मायाराम टंडन, धनेश गायकवाड़, डायमंड कोसरे, केशव, आनंद निराला, आनंद बाघमारे, रामेश्वर भारती, कांशी राम बघेलसी, नंदकुमार कुर्रे, लखन टंडन, उपदेश मार्कंडेय, देव कुमार, पवन लहरे, समारु, लेखराम, धनेश्वर, डेरहा बंजारे, द्वारका कुर्रे, पारस जोगी, हीरु कुर्रे, गणेश, किशन मार्कंडेय, राधेलाल, राकेश टंडन, जितेन्द्र मार्कंडेय, हेमंत सेवर, चिंता कुर्रे, संजय भारती, विजय, भागचंद बारले, प्रताप मन्नाडे, सुरेश प्रभाकर, खिलावन हिरवानी, मोहन कोसरिया, टीके भारद्वाज, प्रेमलाल जांगड़े, शोकीलाल, विशाल मन्नाडे, रेवा कुर्रे, कुंजन दास, सेवक कुर्रे, हीरा सिंह कुर्रे, रविंद्र गायकवाड़, दानी कोसरिया, झाड़ू राम, राजेंद्र जांगड़े, मोती राम बारीक, संतराम बघेल, बिसाहू बघेल, दयादास, गीत कुमार चतुर्वेदी, केशव राम कुर्रे, पुरुषोत्तम, डोगेश, हेमंत सेवर, भागवत जोगी, आशकरण, पीलाराम, मोतीराम, रामसागर, विजय डहरिया, सुनाधर महिलांग, ताराचंद मन्नाडे, हिच्छा राम, हिरऊ भारती, लोकनाथ चतुर्वेदी, हेमलाल बंजारे, कोमलचंद, घनश्याम, किशोर सहित अन्य समाज जन उपस्थिति थे।



### पूर्व सरपंच भामिनी ने किया कुलश्रेष्ठ से मुलाक़ात

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने अपने समर्थकों के साथ महासमुंद प्रवास पर आए सनातन धर्म के प्रचारक, प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ से सौजन्य मुलाक़ात किया। सर्व हिंदू समाज की सदस्य एवं प्रचारक तथा ग्राम पंचायत बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने बताया कि कुलश्रेष्ठ के विचार वास्तव में उनके प्रायोगिक एवं व्यतीत जीवन का निचोड़ है तथा वर्तमान में हमें शास्त्र ज्ञान के साथ साथ शस्त्र ज्ञान की भी आवश्यकता है। भगवान श्रीराम ज़ब वनवास गए तो वे निहत्थे नही गए, बल्कि अपनी तथा जरुरतमंदों की रक्षा के लिए धनुषबाण लेकर गए थे अर्थात कुलश्रेष्ठ के अनुसार हमें न तो अन्याय करनी है और न ही सहनी है। भामिनी के साथ समर्थकों में विवेकानंद सेवा संस्थान के सचिव उदेराम साहू, रामायनिक तुलसीराम सेन तथा पूर्व पंचगण त्रिवेणी चंद्राकर एवं सरस्वती साहू उपस्थित रहे।



### नगर आगमन पर कुलश्रेष्ठ का स्वागत

**महासमुंद।** राष्ट्रवादी विचारक व प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के महासमुंद आगमन पर देवीचंद राठी की अगुवाई में पार्षदगण माखन पटेल, पीयूष साहू, चन्द्रशेखर बेलदार, मुन्ना देवार, महेंद्र सिक्का, विनोद रात्रे, हनीष बग्गा, शरद मराठा, नीलम, दीवान, रोशन बग्गा, गौरव राठी, सार्थक साहू, राजू मालेवार, समसु खान ने स्वागत किया।

# मुड़मार स्कूल में छात्रों को कराया गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं डीएमसी रेखराज शर्मा के मार्गदर्शन में पीएम पोषण शक्ति योजना को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नेवता भोज कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक शाला मुड़मार में छात्रों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया।

इस प्रेरणादायी पहल के तहत बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा भतीजे उमंग सिन्हा के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना, विद्यालय के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना तथा सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना रहा। भोजन के उपरांत उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ने एवं बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट दिखाई दी।

इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, संकुल समन्वयक अनिल ढीढी, प्रधानपाठक सतरूपा चंद्राकर एवं सहायक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। नेवता भोज जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाते हैं, बल्कि विद्यालय को आनंदपूर्ण एवं प्रेरणादायी सीखने का केंद्र भी बनाते हैं।

# 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में छत्तीसगढ़ ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ (उप्र) में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 363 प्रतिभागियों का दल स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा तथा राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू, राज्य आयुक्त रोवर अशोक कुमार देशमुख के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य ने श्रेष्ठता का परचम लहराया।

छत्तीसगढ़ जंबूरी दल ने राज्य प्रदर्शनी, एथनिक फैशन शो, पेजेंट शो (झांकी प्रदर्शन), कलर पार्टी, फिजिकल डिस्प्ले, मार्चपास्ट, कैंपफायर-रंगोली (गाइड विंग) में ए ग्रेड, तथा कैंप क्रॉफ्ट, स्टेट गेट(स्काउट-गाइड में अलग-अलग) फूड प्लाजा, फोक डांस, कैंपफायर में बी ग्रेड, तथा पायनियरिंग प्रोजेक्ट (स्काउट विंग में) में सी ग्रेड प्राप्त किया। इस तरह 8 इवेंट में ए, 7 में बी, 1 में सी कुल 16 ग्रेड का सर्टिफिकेट व फ्लेग प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ की मड़ई, राऊत नाचा व घोड़े पर नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लखनऊ की सड़कों पर यूनिटी मार्च/रूट मार्च अंतर्गत आकर्षक छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में गीत, नृत्य व नारों से छत्तीसगढ़ की टीम ने लखनऊवासियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए दिल जीत लिया। इस कार्य को एनएचक्यू मेंबर्स ने भी सराहा। यूनिटी मार्च में छत्तीसगढ़ राज्य ने पूरे समय रूट मार्च का नेतृत्व किया। बस्तर संभाग के कला,संस्कृति को प्रदर्शित करता ऐथेनिक फैशन शो तथा मोरिया ददा रे की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सब का मन को मोह लिया।

जंबूरी के समापन पर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति के सम्मुख छत्तीसगढ़ राज्य की बैलगाड़ी प्रदर्शित हुई व कबीला नृत्य ने गौरवान्वित किया। वहीं पेजेण्ट शो (झांकी प्रदर्शन) में छत्तीसगढ़ महतारी, मिनीमाता, बिलासा देवी, गुरु घासीदास, गुण्डाधुर, तीजनबाई का वेष धारण कर प्रदर्शन तथा आंगा देव, माई की पालकी, सरगुजा नृत्य, पंथी नृत्य, गौरा-गौरी नृत्य, सुवा नृत्य, जशपुर नृत्य, राऊत नाचा, कबीला नृत्य की प्रस्तुति खूब सराही गई। एरीना में होरे-होरे लोकनृत्य ने सभी को झूमने मजबूर कर दिया। देशभक्ति से ओतप्रोत-जोशीले अंदाज में फिजीकल डिस्प्ले ने रोमांचित कर दिया। फुड प्लाजा अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के खान-पान, छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य के अनाज, वस्त्र, खनिज, वेशभूषा, छत्तीसगढ़ नक्शे में धार्मिक स्थलों की प्रस्तुति आकर्षक रही। कलर पार्टी व मार्च पास्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, सब कैंप में लोकनृत्य सुवा नृत्य, पंथी नृत्य कार्यक्रम ने रंग जमा दिया। स्काउट विंग के कंटीजेंट लीडर डॉ.पूनम सिंह साहू, सहायक कंटीजेंट लीडर अमित क्षत्रिय तथा गाइड विंग की कंटीजेंट लीडर सरिता पांडेय व सहायक कंटीजेंट लीडर जेरेमिना एक्का ने छत्तीसगढ़ की सर्वाधिक युवा लीडर टीम को प्रतियोगिता व जंबूरी के लिए कुशल प्रबंधन व नेतृत्व प्रदान किया तथा प्रातः जागरण से लेकर, टैंट पीचिंग, टैंट गेट बनाकर, एडवेंचर, ग्लोबल विलेज, स्कील-ओ-रामा, पेट्रोल इन कौंसिल में सशक्त भागीदारी की।

छत्तीसगढ़ डे राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त केके खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 363 प्रतिभागियों में युवा नेतृत्वकर्ताओं ने बेहतरीन मार्गदर्शन के बलबूते श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कला, संस्कृति, सांस्कृतिक धरोहर, परिधान से अपनी गौरवशाली पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाने में कामयाब रहा। उल्लेखनीय है कि इस जंबूरी में भारत के विभिन्न राज्यों सहित श्रीलंका, सऊदी अरब, नेपाल, बांग्लादेश व अन्य विदेशी टीम भी शिरकत की। उक्त जानकारी कंटीजेंट लीडर पूनम सिंह साहू ने दी।

# सफाई कार्य में लापरवाही, बीएसयूपी कचना के ठेकेदार का ठेका होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई में कोताही बरती जा रही है। निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी लगाने से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जबकि 15 सफाई कर्मचारी लगाकर सफाई कार्य का ठेका ठेकेदार वीणा सेन्द्रे को दिया गया। सफाई कार्य में कर्मचारी कम रखने और कार्य में कोताही बरतने जाने पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने संबंधित सफाई ठेकेदार का सफाई ठेका निरस्त कर अमानती राशि राजसात करने का आदेश जारी किया है। जोन 9 क्षेत्र के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई कार्य में लापरवाही का मामला सामने आया है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने अनुबंधित सफाई ठेकेदार को पहले नोटिस देकर समझाइश दी। इसके बाद भी सफाई कार्य में सुधार नहीं किया गया, जिससे नगर निगम रायपुर की छवि प्रभावित हुई है। आयुक्त के निर्देश पर नगरनिगम जोन 9 कमिश्नर द्वारा संबंधित सफाई ठेकेदार के कृत्य को ध्यान में रखते हुए एवं अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने पर सफाई निविदा निरस्त करने आदेश जारी कर दिया गया है।

- समझाइश के बाद भी कार्य में सुधार नहीं
- निगम आयुक्त विश्वदीप ने सफाई ठेका निरस्त कर अमानत राशि राजसात करने दिए आदेश

# देश के कई राज्यों में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, छह अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग-अलग राज्यों में शेयर ट्रेडिंग एवं ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय 6 आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के विरुद्ध राजधानी रायपुर के पंडरी, तेलीबांधा, आमानाका, उरला एवं खम्हारडीह थाना में ठगी के प्रकरण दर्ज हैं। इन सभी आरोपियों ने रायपुर में रहने वाले कई लोगों को मुनाफा दिलाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए की ठगी की थी। पुलिस इन प्रकरणों में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत लगातार इन प्रकरणों में जांच कर आरोपियों को तलाश कर रही थी। इस जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता भी मिली है और मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से आधा दर्जन अंतर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया।

- ऑपरेशन साइबर शील्ड अंतर्गत रायपुर पुलिस ने की कार्वाई

### केस 1

प्रार्थी विरल कुमार पटेल के साथ 40 लाख की ठगी हुई थी, जिसकी रिपोर्ट खम्हारडीह थाना में दर्ज है। विरल को विपुल पाटने ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कराने के नाम पर ठगा था। पुलिस ने पाटने को नागपुर में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने यूनिक इंटरप्राइजेज नामक फर्जी कंपनी के माध्यम से बैंक अकाउंट खोलकर धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने छापा मारते हुए आरोपी के कब्जे से इस प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। बताया गया कि आरोपी को पूर्व में बांद्रा मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी के प्रयुक्त बैंक खाता में देश के विभिन्न 69 थाना-साइबर सेल में प्रकरण दर्ज हैं।

### केस 2

पंडरी थाना क्षेत्र के निवासी प्रार्थी अंचित कुमार सिन्हा के साथ शोएब अख्तर ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 30 लाख की ठगी की थी। शोएब अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एसएस फ्रूट नामक फर्जी कंपनी के माध्यम से बैंक अकाउंट खोलकर धोखाधड़ी करने का काम करता था। इस कार्रवाई में उसके कब्जे से पुलिस ने महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। इस आरोपी के विरुद्ध भी देश के विभिन्न शहरों में 16 थाना-साइबर सेल में प्रकरण दर्ज हैं।

### केस 3

आमनाका थाना अंतर्गत प्रार्थी राहुल कुमार से पूनम वर्मा एवं कल्लू मंसूरी ने 46 लाख रुपए की ठगी की है। पूनम भी एसएस फ्रूट नामक फर्जी कंपनी के माध्यम से लोगों से ठगी करता था। उसके इस काम में कल्लू मंसूरी सहित अन्य साथी भी शामिल हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध भी देश के 26 थाना, साइबर सेल में प्रकरण दर्ज हैं।



### केस 4

तेलीबांधा थाना अंतर्गत निवासी प्रार्थी केयूरी मजीथीया के साथ ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के बहाने 15 लाख की ठगी हुई थी। यह ठगी सुहैल अहमद ने की थी। विडियो फूटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध केरल में भी प्रकरण दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### रैंप योजना अंतर्गत उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** लाईवलीहुड कॉलेज बिरकोनी में रैंप योजना के तहत जिला स्तरीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक दिनेश कंवर तथा लाइवलीहुड कॉलेज से शामूल बर्मन, चंद्रकांत वर्मा, प्रभा चक्रधारी और ओंकार तारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन पॉजीटिव मंत्र कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जिला व्यापार उद्योग केंद्र महासमुंद व महाप्रबंधक मोहनलाल साहू के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन निराला एमबीए, नरेंद्र चंद्राकर जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं टीम द्वारा किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं एवं इच्छुक एमएसएमई उद्यमियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने दोना-पत्तल निर्माण, टाइल्स निर्माण तथा स्थानीय संसाधनों पर आधारित अन्य व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। कई युवाओं ने एमएसएमई पंजीयन, सरकारी योजनाओं, लोन प्रक्रिया और अपने नए व्यवसाय के लिए प्रस्ताव तैयार करने में रुचि जताई।

### नालियां जाम होने की समस्या से मिलेगी राहत, कवर्ड करने एजेंसी को जिम्मा

**रायपुर।** शहर के लोग नालियों में अपने घर, दुकान का कूड़ा और अन्य तरह का कचरा नहीं फेंक सकेंगे। इसके लिए रायपुर नगर निगम शहर के नालियों को कवर्ड कराने जुटा हुआ है। शंकरनगर, सिविल लाइन, कचहरी चौक, अंबेडकर अस्तपाल मार्ग में नालियों को कवर्ड करने का काम पूरा हो चुका है। इसी तरह विधानसभावार चिन्हांकित इलाकों में निगम से अनुबंधित एजेंसी ड्रेन कवर लगाने का कार्य कर रही है। पंद्रहवें वित्त आयोग मद से इस कार्य को कराया जा रहा है। इसमें 1 करोड़ 84 लाख रुपए खर्च होंगे। निगम के लोककर्म शाखा ने ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर के निखिल पंडया एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है।
इंदौर जैसे महानगरों की तर्ज पर अब रायपुर शहर भी आने वाले दिनों में साफ-सुथरा नजर आएगा। इसके लिए शहर के कुछ प्रमुख मार्गो की नालियों को कवर्ड करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के सीजन में नालियों में जाम कचरा ओवरफ्लो होकर गंदगी के साथ शहर की सड़कों पर न बहे।

## अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन

# नेवता भोज से सुदृढ़ हुई सामुदायिक सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहगांव में मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत अतिरिक्त पोषण एवं सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बागबाहरा नमिता मारकोले द्वारा बच्चों को नेवता भोज कराया गया। साप्ताहिक समय-सीमा बैठक पश्चात विकासखंड के समस्त आला अधिकारी विद्यालय पहुंचे और बच्चों के साथ पंक्तिबद्ध बैठकर दोपहर का भोजन किया। अधिकारियों की उपस्थिति से बच्चे अत्यंत उत्साहित एवं प्रसन्न नजर आए तथा विद्यालय परिसर में आत्मीय एवं उत्सवपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम बागबाहरा नमिता मारकोले ने कहा कि बच्चे समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। उनका शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मध्यान्ह भोजन योजना बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नेवता भोज जैसे आयोजनों से बच्चों को यह संदेश मिलता है कि प्रशासन और समाज दोनों उनके साथ हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन,



अनुशासन, आत्मविश्वास एवं निरंतर परिश्रम के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सीईओ जनपद पंचायत मंडावी ने कहा कि शिक्षा और पोषण का संतुलन बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी प्राप्त होता है, जब उनमें समाज की सक्रिय सहभागिता हो। नेवता भोज सामुदायिक सहयोग का सशक्त उदाहरण है, जिससे बच्चों में अपनत्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने बच्चों से शिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर सीखते रहने तथा अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। तहसीलदार नितिन ठाकुर ने बच्चों को कहा कि आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। विद्यालय में सीखे गए संस्कार, अनुशासन और मेहनत आगे चलकर जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचने में सहायक होते हैं। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर सीएमओ गिरीश चंद्रा, कोमाखान तहसीलदार हरीश ध्रुव, सीडीपीओ मनीषा साहू, बीएमओ बीएस बढ़ई, एबीईओ रामता मन्नाडे, बीआरसी भुपेश्वरी साहू, सब इंजीनियर पीडब्लूडी साहू सहित विद्यालयीन स्टाफ, प्राचार्य देवेंद्र चंद्राकर, चेतन साहू, संकुल समन्वयक हुलास दीवान, शैलेंद्र ठाकुर, रामसिंह नाग, पुरुषोत्तम डड़सेना, मनोज साहू, रामप्रसाद दीवान, झगेश साहू, छोटू निषाद, पद्मा ध्रुव, भूपेश जसपाल एवं अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धान खरीदी : महासमुंद जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी

# जिले में अब तक कुल 313764 मीट्रिक टन धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कुल 230 प्रकरणों में 29,800 क्विंटल धान जब्त, 54 हजार किसानों को 743 करोड़ रुपए भुगतान

राज्य सरकार के मंशानुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 3,13,764 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा खरीदी व्यवस्था से संतुष्ट हैं। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन कटाकर किसान उपार्जन केंद्रों में धान विक्रय करने उत्साहपूर्वक पहुंच रहें हैं। अब तक जिले के 54 हजार किसानों के खाते में 16 बैंक शाखाओं के माध्यम से 743 करोड़ 75 लाख 55 हजार रुपए हस्तांतरित कर दिया गया है।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। जिसमें 39 प्रकरणों में से 35 का समाधान तत्काल कर लिया गया है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तुलाई, उचित व्यवस्था तथा किसानों को सुचारू सेवा सुनिश्चित की जा रही है। निगरानी दलों को 24×7 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया भी जारी है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 230 प्रकरण दर्ज किए गए। कुल प्रकरणों में संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 29,800 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिसमें महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रणी स्थान पर है। जिले के प्रमुख मार्गों, अंतरराज्यीय जांच चौकी, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण एवं सख्ती से निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि धान उपार्जन अवधि में किसी भी प्रकार का अवैध भंडारण, परिवहन या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ताकि, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# शारदा मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 25 से





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय तुमगांव रोड स्थित मां शारदा पीठ परिसर में 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। नगर में पहली 51 ब्राम्हणों द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण का मूलपाठ पारायण कराया जाएगा। यज्ञ के कथा प्रवक्ता स्वामी कृष्ण देवाचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन उत्तरप्रदेश होंगे। वहीं संयोजक आचार्य श्रवण कुमार शास्त्री पुजारी शारदा मंदिर होंगे। कथा में पोथी एवं यजमान बनने के लिए मां शारदा मंदिर के पुजारी श्रवण कुमार शास्त्री से संपर्क किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को दोपहर 3 बजे भव्य झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें महिलाएं लाल व पीली साड़ी परिधान में शामिल होंगी। 25 दिसंबर को श्रीमद भागवत महात्म्य, 26 को व्यास नारद संवाद, परीक्षित जन्म, शुकदेव का आगमन, 27 को कपिल, देवहूति संवाद, ध्रुव चरित्र, अजामिलोपाख्यान, 28 को गजेंद्र ग्राह चरित्र, श्रीराम जन्म, कृष्ण जन्मोत्सव, 29 को कृष्ण बाल लीला, चिरहरण लीला, गोवर्धन पूजा, 30 को रूखमणी कृष्ण विवाह, 31 को सुदामा चरित्र, अवधूत उपाख्यान, कथा विराम, सहस्त्रधारा, तुलसी वर्षा एवं 1 जनवरी को विशाल हवन भंडारा व प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति कार्यक्रम की तैयारी में जुटी हुई है।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में डीपीएम नीलू घृतलहरे ने जिले में संचालित तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने तथा चयनित ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की प्रक्रिया




पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि चयनित ग्राम पंचायतों के अंतर्गत विद्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से विभिन्न विभागों की भूमिका, जनजागरूकता गतिविधियों तथा तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी विभागों से अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

## कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम बोईरडीह पिथौरा निवासी बलराम कुमार जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं, उन्होंने ट्राइसाइकिल की मांग की थी, जिस पर कलेक्टर लंगेह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग को निर्देशित कर मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदाय किया गया। कलेक्टर के हाथों ट्राइसाइकिल मिलने से बलराम कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह ग्राम खट्टी महासमुंद निवासी रामभरोसा साहू ने भरण पोषण की राशि पुत्रों द्वारा दिलाने हेतु, ग्राम फुलवारी के ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि के



अतिक्रमण सम्बन्ध में, ग्राम चारभांठा बागबाहरा निवासी रत्नाकर मेहर ने विकलांग पेंशन, महासमुंद निवासी नेहा सोनवानी ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी समस्या, ग्राम अजगरख़ार बसना निवासी चरण सिंह चौहान ने लोन संबंधी समस्या, ग्राम खल्लारी महासमुंद निवासी कांतिबाई यादव ने कोरोना काल में मृत्यु की मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन किया। इसके अलावा भौतिक सत्यापन, पट्टा नवीनीकरण, धान बेचने में समस्या संबंधी शिकायत, गिरदावरी, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना एग्रीस्टैक पंजीयन, पीएम आवास, लंबित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन महतारी सदन...



**खल्लारी।** मां खल्लारी की गोद में ग्राम पंचायत (कार्यालय) परिसर में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 30 लाख की लागत राशि से स्वीकृत निर्माणाधीन महतारी सदन।

# प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के विकास को लेकर सीएम से की गई चर्चा

**बसना।** प्राचीन कबीर कुटी आश्रम तरेकेला के महंत लखन मुनि ने बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के सानिध्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंटकर आश्रम को सुचारू, सुव्यवस्थित एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने को लेकर विशेष चर्चा की।



महंत लखन मुनि ने मुख्यमंत्री को आश्रम की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन कबीर कुटी आश्रम लगभग 100 वर्षों से निरंतर संचालित है और क्षेत्र में श्रद्धा व आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। आश्रम के विकास, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान जानकारी दी गई कि आगामी 5 फरवरी को ग्राम तरेकेला में भव्य भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आश्रम की परंपराओं और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने भी आश्रम के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास करने की बात कही।

## स्ट्रीट लाइट की रोशनी पेड़-पौधों पर डूमरतराई की सड़क अंधेरे में डूबी

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण ने कौशिल्या माता विहार सहित आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा रखने डिवाइडर पर छायादार पौधों का रोपण कराया। इसके साथ ही मार्ग को दूधिया रोशनी से जगमग करने स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की है, पर पेड़-पौधों की कटाई, छंटाई पर ध्यान नहीं देने से डूमरतराई चौक से डूंडा चौक तक स्ट्रीट लाइट होने के बाद भी सड़क पर रोशनी नहीं पहुंच रही है। मार्ग पर अंधेरा छाया रहने से लोग परेशान हैं, जबकि स्ट्रीट लाइट की रोशनी पेड़ पौधों के झुरमट में गुम हो रही है। करीब 4 किलोमीटर के दायरे में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। अब स्थानीय रहवासी इसकी शिकायत प्राधिकरण कार्यालय जाकर करने की तैयारी में हैं। डूमरतराई के कौशिल्या माता विहार से डूंडा चौक तक पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए डिवाइडर पर पौधों का रोपण रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कराया कारण लाइट की रोशनी सड़क मार्ग तक पहुंच नहीं रही, जबकि इस मार्ग का उपयोग डूमरतराई, कौशिल्या माता विहार के अलग-अलग सेक्टर में रहने वाले लोग और डूंडा के रहवासी करते हैं।

# एनआरएम के कार्यों का सरपंचों को दिया गया प्रशिक्षण

## आजीविका संवर्धन डबरी का प्रशासकीय स्वीकृति आदेश हितग्राहियों को प्रदान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 551 ग्राम पंचायतों के सरपंच, जागरूक नागरिकों को 05 चरण में प्रत्येक जनपदों का क्रमवार एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

जिसमें प्रथम चरण के प्रशिक्षण में महासमुंद जनपद पंचायत के 105 सरपंचों प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से जल संरक्षण, जल संवर्धन के कार्यों को रेखांकित करते हुए उसके महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किये जाने वाले जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य कराए जाने के लिए प्रेरित किया गया। ताकि भविष्य में होने वाले जल संकट की चुनौतियों से निपटा जा सके।



प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित हितग्राहियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा आजीविका डबरी निर्माण के संबंध में जिलें को प्राप्त लक्ष्य आजीविका डबरी से होने वाले लाभ, पात्रता एवं तकनीकी उपयोग संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों को आजीविका डबरी निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति पत्र सौंपा गया तथा हितग्राहियों से चर्चा कर डबरी निर्माण कर आजीविका सवंर्धित कार्य जैसे- मत्स्य पालन, बतख पालन, सिंघाड़ा उत्पादन संबंधित कार्य किये जाने के लिए कहा गया। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जनभागीदारी से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बनाये जा रहे आवासों में वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट कार्य निर्माण कराये जाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा गया।

**खबर संक्षेप**



## गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा कल

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 19 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि यहां हर साल 18 दिसंबर को हर साल गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा निकाली जाती है।

## बरबसपुर में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला 21 को

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को रखा गया है। प्रातः 10 बजे सामाजिक जनप्रतिनिधियों द्वारा पालो चढ़ाकर शुभारंभ किया जाएगा। मड़ई मेला का आयोजन दोपहर 3 बजे होगा। कार्यक्रम स्थल पर बालक-बालिकाएं पंथी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। रात्रि 10 बजे सनम टंडन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सोनवानी, जयलाल ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, दाऊलाल भारती, धन्नू कोशले, पन्ना लाल भारती सहित सतनामी समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सोनवानी ने दी।

## गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम 18 को

**महासमुंद।** जय सतनाम सफुरा माता समिति वार्ड नं. 11 संत रविदास उद्यान के पीछे 18 दिसंबर गुरुवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें झंडा चढ़ाने का कार्यक्रम सायं 4.30 बजे एवं इसी कड़ी में दोपहर 2 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी पोखरा जिला गरियाबंद द्वारा सुमधुर गुरु भजन कार्यक्रम होगा। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम में बदरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम शेर की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू मौजूद रहेंगे।

# 1570 से अधिक घरों में सूर्य घर बिजली से जिंदगी हो रहे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के रूप में एक बदलावकारी कदम उठाया है। यह योजना आम नागरिकों को अपने ही घर की छत पर सूरज की रोशनी से बिजली बनाने का अवसर देती है, जिससे परिवार न केवल महंगे बिजली बिलों से राहत पा रहे हैं, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। सरकार 3 से 5 किलोवाट के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र से 78,000 रुपए और राज्य से 30,000 रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, जिससे लोगों में सौर ऊर्जा अपनाने की नई उम्मीद और उत्साह देखा जा रहा है। इस पहल से आम जनता को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही अक्षय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिल रहा है।

महासमुंद जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए 5597 उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन किया गया हैं एवं तेजी से नए फॉर्म भरे जा रहे हैं। अभी तक 5098 हितग्राहियों द्वारा वेंडर का सेलेक्शन कर लिया गया है। 1576 उपभोक्ताओं के घरों में सूर्य घर बिजली योजना से जिंदगी रोशन हो रहे है। ईमली भाठा महासमुंद निवासी द्रोपती दीवान ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर सिस्टम लगवाया है।





गृहिणी द्रोपती एवं कविता ने कहा : हम महिलाएं बिल की चिंता से मुक्त हुए

पहले घर की देखभाल के साथ-साथ बिजली बिल और अन्य खर्चों को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी, लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद यह चिंता समाप्त हो गई है। पहले बिजली बिल काफी अधिक आता था, वहीं अब हर महीने लगभग 2 से 3 हजार रुपये की बचत हो रही है। उनके अनुसार यह योजना हर परिवार के लिए वरदान है और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इसी तरह ग्राम खैरा निवासी कविता साहू ने बताया कि पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम लगाए जाने के कुछ महीनों बाद ही उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। अब बिजली को लेकर किसी प्रकार की चिंता नहीं रहती, बल्कि अतिरिक्त बिजली के बदले क्रेडिट यूनिट का लाभ भी मिल रहा है। वे कहती है कि सोलर योजना से घर की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और यह योजना आम परिवारों के लिए बेहद लाभकारी है।

ऐसे ही जिले के अन्य उपभोक्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सार्थक पहल बताया। उन्होंने बताया कि इससे न केवल लोगों को आर्थिक राहत और आत्मनिर्भरता मिल रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान हो रहा है।

### समीक्षा : कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

# डीओ कटने के बाद धान का उठाव सुनिश्चित करें: कलेक्टर विनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत कलेक्टर विनय

- सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के लिए निर्देश

कुमार लंगेह ने जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत पीजी पोर्टल, जन शिकायत, जनदर्शन सहित सभी लंबित आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस संबंध में जिला अधिकारियों की स्पष्ट जवाबदेही तय की गई है। अभियान के अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर के बीच क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जनपद पंचायत में एक दिन में दो शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान हो सके। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सुबह 10 बजे समय-सीमा की बैठक लेकर संचालित कार्यक्रमों एवं शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की प्रगति, अवैध परिवहन नियंत्रण, ई-केवाईसी एवं आवास योजनाओं सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




### तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 1 फरवरी से

कलेक्टर ने सिरपुर महोत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस वर्ष आयोजन 1 से 3 फरवरी तक भव्य रूप में किया जाएगा। महोत्सव में प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। कलेक्टर ने अभी से तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने राशन कार्ड ई-केवाईसी पर समीक्षा करते हुए कहा कि जिले मंव अब भी लंबित राशन कार्डों का ई-केवाईसी मिशन मोड में जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण के दौरान लाभार्थियों को बुलाकर वहीं बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाए और मृत व अनुपलब्ध सदस्यों का विलोपन किया जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, निर्माण प्रगति, लंबित प्रकरण, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के भुगतान तथा जियो-टैगिंग की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण में किसी प्रकार की देरी न हो, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा अपूर्ण आवासों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए। साथ ही गुणवत्ता सुनिश्चित करने, नियमित निरीक्षण एवं समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए गए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में कलेक्टर लंगेह ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं जन सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को खेल परिसरों, स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैण्ड एवं रेलवे स्टेशनों को आवारा कुत्तों से सुरक्षित रखने के लिए फेंसिंग, गेट एवं नियमित निगरानी के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस माह तक सभी स्वीकृत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। जनपद सीईओ, आरईएस एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी कर्मचारियों की दैनिक उपस्थिति के लिए आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली अनिवार्य होगी तथा 01 जनवरी से सभी शासकीय पत्रों का आदान प्रदान ई-ऑफिस के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला नोडल अधिकारी प्रत्येक सप्ताह भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करें, विशेषकर शनिवार एवं रविवार को। जिन राइस मिलों का डीओ कट चुका है, वहां से उठाव सुनिश्चित किया जाए। बोगस उठाव पाए जाने पर संबंधित प्रबंधक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि धान का भंडारण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किया जाए। स्टैक की ऊंचाई, दूरी एवं क्रम का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नमी से बचाव के लिए समुचित कवरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रत्येक स्टैक का नियमित निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उठाव को लेकर भी निर्देश दिए कि मिलरों एवं परिवहन एजेंसियों के समन्वय से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नियमित एवं सुचारू उठाव सुनिश्चित किया जाए। उठाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोडिंग के दौरान पूरी प्रक्रिया का शॉर्ट वीडियो बनाने कहा। धान परिवहन के रीसाइक्लिंग रोकने पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में रकबा समर्पण के संबंध में कलेक्टर ने लघु एवं सीमांत किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। जिन समितियों में रकबा समर्पण कम है, वहां नोडल अधिकारी स्वयं जिम्मेदारी लेकर कार्य करेंगे। वर्तमान में 230 प्रकरणों में 29,800 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसी तरह ऑनलाइन प्राप्त कुल 39 अलर्ट में से 35 अलर्ट का समाधान कर लिया गया है।

# मेंटल मैथ्स चैलेंज में दिखाया गणितीय प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के विज्ञान क्लब सृजन के तत्वावधान में एनसीएसटीसी तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से मेंटल मैथ्स चैलेंज का आयोजन किया गया। जिसमें नर्रा सहित आसपास के स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य भूपेंद्र पड़ियार के मार्गदर्शन में गणित संकाय के प्रभारी व्याख्याता भास्कर प्रसाद यादव के निर्देशन में राष्ट्रीय गणित सप्ताह के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति भय दूर कर इस विषय को रुचिकर बनाना था। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों के गणितीय कौशल एवं बुद्धिमता का परीक्षण किया गया। विजेता छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।। भास्कर यादव ने बताया कि गणित विषय को लेकर इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थी गणित विषय के प्रति आकर्षित होंगे। गणित सभी क्षेत्र में आवश्यक है चाहे भूगोल हो, वाणिज्य हो, या विज्ञान के नवीनतम तकनीक हों, सभी क्षेत्र में गणितीय अवधारणाओं की आवश्यकता होती है।

इस प्रकार के आयोजन से छात्रों को सरल तरीकों से गणित के अवधारणाओं को समझाने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता पन्नालाल साहू, रतन लाल कोसरे, कामता प्रसाद साहू, दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, जागृति प्रजापति, अरविंद ठाकुर, कुलेश्वर चंद्राकर, सुखराम चंद्राकर, खगेश्वर साहनी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थियों की विशेष सहभागिता रही।

### अछरीडीह में कार्यकर्ता व मितानिनों का किया सम्मान

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका और मितानिनों का सम्मान समारोह ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारतमाता की तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच आसकरण सोनवानी ने कार्यकर्ता एवं सहायिका और मितानिनों को फल व साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच सोनवानी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने कुपोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है, वह बहुत ही सराहनीय है। एसआईआर कार्य के लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर शासन के आदेश अनुसार फार्म एकत्रित कर ऑनलाइन कर रही हैं। जिसका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर सरपंच आसकरण सोनवानी, सचिव आत्माराम साहू, रोजगार सहायक राजेश साहू, सतवंतिन बंजारे, सुमती साहू, मनटोरा कोसले, दुर्गा यादव, सतवंतिन कुर्रे, बृहस्पति जांगड़े, कलावती सोनवानी, मितानिन मधु साहू, सुमित्रा पटेल, लक्ष्मी बंजारे सहित ग्रामीणों की उपस्थित रहीं।

# शहीद वीरनारायण सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांत एवं मार्ग पर चलने किया प्रेरित

**महासमुंद।** शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर ग्राम जोगीडीपा पटेवा में मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आदिवासी समाज के लोगों ने चंदन गुलाल, फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अशवंत तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के बलौदाबाजार जिला के सोनाखान इलाके के बड़े जमींदार वीर नारायण सिंह ने 1857 में अंग्रेजों से लड़ने के लिए 900 लोगों की स्वयं की बड़ी सेना तैयार की एवं अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया। अंग्रेजों ने वीर नारायण सिंह को गिरफ्तार करने के बाद 10 दिसंबर 1857 को रायपुर के जय स्तंभ चौक में फांसी से लटका दिया गया। देश की सेवा करते हुए वीर नारायण सिंह शहीद हो गए। तुषार ने आगे कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ-साथ देश व राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर किया। देश की सेवा के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। आदिवासी समाज को शहीद वीरनारायण सिंह की जीवन से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांत एवं मार्ग में चलने के साथ देश की सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिल साहू, जनपद सदस्य सृष्टि ध्रुव, वरिष्ठ नेता मोहित ध्रुव, युवा नेता घासु ध्रुव, भानु प्रताप ध्रुव, केदार ध्रुव, भागवत, पीतांबर जगत, मनहरण, पवन ध्रुव, कीर्तन, उमेश, हरीश कुमार, विजय आदि मौजूद रहे।



# एनसीसी अस्पताल झलप में डायलिसिस की चौथी मशीन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झलप के एनसीसी अस्पताल में गुर्दा रोग

- झलप स्थित एनसीसी अस्पताल में डायलिसिस का लाभ ले रहे मरीज

से पीड़ित मरीजों की हो रही निःशुल्क डायलिसिस का लाभ गरीब मरीजों को लगातार मिल रहा है, जिससे रायपुर, महासमुंद या अन्य दूरस्थ इलाकों के डायलिसिस सेंटर में जाकर डायलिसिस कराने वाले मरीज अब झलप स्थित एनसीसी अस्पताल में डायलिसिस का लाभ ले रहे हैं, जिससे उनको आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों से मुक्ति मिल रही है। एनसीसी अस्पताल के संचालक एवं महासमुंद के पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने बताया कि चार माह पूर्व प्रारंभ हुए इस डायलिसिस सेंटर में आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दिल्ली की डीसीडीसी कंपनी के साथ एनसीसी अस्पताल में चल रहा यह सेंटर दिनों-दिन मरीजों की सुविधा में विस्तार करता जा रहा है। इसी तारतम्य में तीन डायलिसिस मशीनों के बाद चौथी डायलिसिस मशीन का शुभारंभ पूजा-पाठ कर 15 दिसंबर 2025 सोमवार को किया गया।




लगातार पिछले लगभग पांच वर्षों से एनसीसी अस्पताल झलप एवं आस-पास के निवासियों के साथ-साथ दूरस्थ अंचल के लोगों की भी सेवा कर रहा है। लोगों के एनसीसी अस्पताल पर बढ़ते विश्वास के कारण 09 बिस्तरों के साथ प्रारंभ हुआ, यह अस्पताल अब 29 बिस्तरों के विस्तार के साथ क्षेत्र की सेवा में लगा है। एक्स-रे, पैथोलॉजी, सोनोग्राफी, सी-आर्म मशीन, ऑपरेशन थिएटर के साथ अब यह सर्व-सुविधा युक्त अस्पताल बन गया है। इसके साथ ही भविष्य में सुविधाओं के विस्तार की योजना है।

### सहकारी निरीक्षक में चयनित ओजस्वी कुमार पटेल ने छात्रों को दिया मार्गदर्शन

# नवकिरण अकादमी में कॅरियर गाइडेंस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवकिरण अकादमी में 16 दिसंबर 2025 को कॅरियर गाइडेंस सह सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीजीपीएससी 2024 में सहकारी निरीक्षक में चयनित ओजस्वी कुमार पटेल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। ओजस्वी कुमार पटेल ने नवकिरण अकादमी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।



उन्होंने कहा कि पढ़ाई में समय प्रबंधन बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण है। अभ्यर्थियों को हर दिन न्यूज़ पेपर पढ़ना चाहिए, जिससे की करेंट अफेयर्स की जानकारी में सहायता होगी। साथ ही आर्थिक सर्वेक्षण एवं सरकार की योजनाओं को वेबसाइट के माध्यम से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पटेल ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग कि राज्य प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा तैयारी करने से प्रारंभिक परीक्षा में बहुत ही आसानी होती है। साथ ही मुख्य परीक्षा में होने वाली परेशानी को संक्षिप्त में जानकारी प्रदान की गयी। अभ्यर्थियों को पढ़ाई में होने वाली समस्याओं के निराकरण के उपाय भी बताएं। उनके मार्गदर्शन से अभ्यर्थी काफी प्रभावित हुए व कई छात्रों ने प्रतिप्रश्न भी पूछा। संस्था का प्रतिवेदन का वाचन जिला समन्वयक डी.बसंत साव ने किया। जिसमें संस्था की उपलब्धियों को सदन में रखा। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में 96 विद्यार्थियों (विभिन्न पदों पर) का चयन होना नवकिरण अकादमी की सबसे बड़ी सफलता है।

नवकिरण अकादमी जिले में सफलता का पर्याय बन गया है। जिलेभर के ग्रामीण प्रतिभागी जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, उनको सीधा फायदा हो रहा है। उन्हें विभिन्न पत्र पत्रिकाओं, पुस्तकों आदि के लिए रायपुर और बिलासपुर का चक्कर काटना नहीं पड़ रहा है। ई लाइब्रेरी की उपलब्धता इंटरनेट के साथ पढ़ाई करने में भी सहयोगी बन रहा है। ग्रंथालय में लगभग 10 हजार से अधिक किताबें उपलब्ध है। साथ ही मासिक पत्र पत्रिका व दैनिक समाचार पत्र हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध है, जिसका फायदा निश्चित ही पाठकों को हो रहा है। संस्था द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ चंदशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल यश चक्रधारी, भागवत पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कमार, रितेश नायक, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित अधिक संख्या में नवकिरण अकादमी के अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

